हिंदी और हिंदी पत्रकारिता के प्रथम वर्ष के छात्रों हेतु ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज में हिंदी और हिंदी पत्रकारिता विषय के प्रथम सत्र में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों के लिए 18 नवंबर 2020 को ऑनलाइन ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ऑरिएंटेशन कार्यक्रम में हिंदी और हिंदी पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापकों द्वारा नए छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें कई प्रकार की सूचनाएँ और जानकारियाँ उपलब्ध कराई गईं।



कार्यक्रम के आरंभ में हिंदी और हिंदी पत्रकारिता विभाग की प्रभारी डॉ. दीपमाला ने स्वागत वक्तव्य देते हुए छात्रों को श्री गुरु नानक खालसा कॉलेज और हिंदी विभाग के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं, लाइब्रेरी, वेबसाइट, स्टूडेंट सोसाइटीज़, एनसीसी, एनएसएस आदि के बारे में भी छात्रों को बताया। डॉ. दीपमाला ने कोरोना के दौरान में कॉलेज में चल रहे ऑनलाइन शिक्षण



की व्यवस्था और स्थितियों से भी छात्रों को अवगत कराया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भी डॉ. दीपमाला ने छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान किया।

इस अवसर पर छात्रों का स्वागत करते हुए हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रेनू दुग्गल ने उन्हें कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों और सोसाइटीज़ के विषय में बताया। साथ ही उन्होंने हिंदी और पत्रकारिता विभाग की सोसाइटी मंथन के विविध गतिविधियों के बारे में भी छात्रों को जानकारी दी। डॉ. रेनू दुग्गल ने छात्रों को आश्वस्त किया कि ऑनलाइन मोड में भी छात्रों के अध्ययन में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

हिंदी की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बलबीर कुन्दरा ने छात्रों को मेहनत और लगन से अध्ययन करने को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने वर्तमान परिस्थिति में पाठ्यक्रम, सत्र, परीक्षाओं और जेनेरिक इलेक्टिव विषयों से संबंधित छात्रों की समस्याओं और जिज्ञासाओं का भी निवारण किया। विभाग की अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अंजुबाला ने भी छात्रों का स्वागत किया और उन्हें प्रत्येक अवसर पर सहयोग का आश्वासन दिया। हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. शैलजा ने छात्रों का स्वागत करते हुए हिंदी के छात्रों को अपने विषय और कक्षा से संबंधित सूचना दी।

उन्होंने हिंदी और हिंदी पत्रकारिता के छात्रों को उनके अध्ययन और बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएँ भी दीं। विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. हरदीप कौर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खालसा कॉलेज एक परिवार की तरह है और छात्रों को यहाँ अपने परिवार की तरह ही सहयोग मिलेगा। उन्होंने वर्तमान में हिंदी के बढ़ते महत्त्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया। हिंदी विभाग की

सहायक प्राध्यापक डॉ. भूपिंदर कौर ने छात्रों से अपने अनुभव साझा करते हुए कॉलेज में छात्रों और शिक्षकों के बीच बनने वाले भावनात्मक रिश्तों के बारे में बताया। उन्होंने कॉलेज के स्नेह और अपनत्व भरे परिवेश का उल्लेख करते हुए छात्रों को अपने सपने पूरे करने के लिए प्रोत्साहित किया। हिंदी पत्रकारिता विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सविलता यादव ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें हिंदी पत्रकारिता विभाग और शिक्षकों के विषय में जानकारी दी। डॉ. सविलता यादव ने पीपीटी के जरिए छात्रों को श्री गुरु नानकदेव खालसा कॉलेज, उसके विभिन्न विभागों, सोसाइटीज़ और अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। हिंदी पत्रकारिता विभाग के सहायक प्राध्यापक महेन्द्र प्रताप सिंह ने भी नवागंतुक छात्रों का स्वागत किया और उन्हें आगामी कॉलेज-लाइफ और बेहतर भविष्य के लिए

शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने छात्रों को कोरोना-काल की चुनौतियों को अवसर में बदलने को प्रेरित किया। हिंदी पत्रकारिता विभाग के ही सहायक प्राध्यापक डॉ. रुद्रेश नारायण मिश्रा ने भी नए छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि कॉलेज में उनकी सभी शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। उन्होंने नए छात्रों के सभी शिक्षकों से दीर्घकालीन रिश्तों की भी कामना की और उन्हें सहयोग का आश्वासन दिया।



कार्यक्रम में विभाग के शिक्षकों और नए छात्रों के अतिरिक्त सीनियर छात्र भी उपस्थित थे। सीनियर छात्रों ने भी अपने जूनियरों का स्वागत किया और उन्हें आगामी अध्ययन-सत्रों में हरसंभव मदद देने का वादा किया।

वरिष्ठ शिक्षकों और छात्रों के पश्चात नवागंतुक छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी नए छात्र अपने शिक्षकों और सीनियरों के वक्तव्यों से उत्साहित और प्रेरित नजर आए। उन्होंने अपनी शंकाओं और जिज्ञासाओं को भी सवालों के माध्यम से सामने रखा और सभी प्राध्यापकों के उत्तरों से संतुष्ट नज़र आए। साथ ही उन्होंने इस गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए अपने शिक्षकों और सीनयरों का धन्यवाद अदा किया और आश्वासन दिया कि वे मेहनत और लगन से अध्ययन करेंगे और शिक्षकों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।